# उदयपुर में करोड़ों की भूमि लगा दी ठिकाने

## अभी भी सिलसिला जारी, प्रशासन नहीं करता जांच



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 25 जुलाई, तहसील के ग्राम उदयपुर जो भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर के कारण देश ही नहीं विदेशों में भी जाना जाता है.यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं.इस गांव में मंदिर के चारों तरफ तथा बासौदा मार्ग पठारी मार्ग पर लोगों ने अतिक्रमण कर भवन तथा जमीन बैच दी जिसकी कीमत करोड़ों में आकी जा रही है.गजब तो यह है कि बगर दस्तावेज देखे रजिस्ट्री कर दी जाती है.**

मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौका मुआयना तक नहीं करते अभी एक शोरूम का निर्माण हुआ है.माना जा रहा है और शिकायत भी हुई है.यह शासकीय भूमि थी कैसे निजी में तब्दील हो गई यह जांच का मुद्दा है पटवारी चौकीदार के माध्यम से नोटिस भेजता है और कहता है पटवारी साहब से जाकर मिलो यह सब चल रहा है.शिकायत की आधार पर क्यों नहीं होती जांच ताकि सच्चाई क्या है.सामने आ सके और यह कीमती जमीन बच सके पुरातत्व विभाग वन विभाग तथा राजस्व विभाग की भूमि पर अतिक्रमण वर्षों से होता आ रहा है अब यहां की भूमि का महत्व बढ़ गया है और अच्छी कीमत मिल रही है.इसके चलते यहां के निवासी पुराने मकान जमीन बेच रहे हैं.जबकि पुराने दस्तावेज देख जावे तो यह जमीन शासकीय है.परंतु प्रशासन में बैठे अधिकारी गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं .इसके पीछे जो भी कारण बन रहे हो.परंतु यह चिंता का विषय है जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए और शासन की जमीन पर कब्जा करने वालों पर करवाई करना चाहिए.

### पटवारी नहीं बताते वास्तविकता

उदयपुर के जागरूक ग्रामीणों ने कलेक्टर तथा एसडीएम विजय राय को लिखित में शिकायतें भेज कर जांच करने के पश्चात कार्रवाई करने की मांग की है. उदयपुर पटवारी द्वारा प्रशासन में बैठे अधिकारियों को वास्तविकता से अवगत नहीं कराया जा रहा. जबकि उन्हें पूरी जानकारी है.

### विधानसभा में उलझा उदयपुर

ग्राम उदयपुर गंजबासौदा तहसील में आता है.जबकि विधानसभा कुरवाई में और लोकसभा सागर में आता है.उदयपुर की यह विडंबना है कि यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.पहले यह गांव विदिशा लोकसभा गंजबासौदा विधानसभा में आता था.परंतु राजनीतिक कारणों के चलते इस क्षेत्र के 90 गांव भिलाय से लेकर अंबा नगर तक गंजबासौदा विधानसभा से पृथक कर दिए गए जो दुर्भाग्य पूर्ण है. इसी का लाभ अधिकारी कर्मचारी उठा रहे हैं.कोई देखने सुनने वाला नहीं है.

# नटेरन के 10 किलोमीटर में हैं चार खजूरी

## हर गांव की अपनी अगल पहचान

**नवभारत न्यूज**
**नटरेन 26 जुलाई, नटेरन के समीप 10 किलोमीटर के क्षेत्र में चार खजूरी गांव आते हैं. जिनके आगे गांव के सरनेम जुड़े हुए हैं सभी खजूरियों का एक अपना अपना महत्व है जिसमें विदिशा अशोकनगर रोड पर ही चारों खजूरी गांव स्थित हैं.सर्वप्रथम विदिशा से 25 किलोमीटर नटेरन की तरफ आने पर देव खजूरी गांव पड़ता है.जिसमें प्राचीन भैरव बाबा का स्थान है.**

ग्रामीणों से चर्चा में उन्होंने बताया कि हमारे पुरखों के समय से ही हमारे गांव का नाम देव खजूरी चला आ रहा है.ऐसा लगता है कि यहां पूर्व में देवों का स्थान रहा होगा. जिससे हमारे गांव का नाम देव खजूरी पड़ा होगा. देव खजूरी में जिला सहकारी बैंक यूको बैंक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी हैं.यहां पर बरसों से भैरव जी के नाम पर लोकल के कलाकारों द्वारा रामलीला का भी आयोजन किया जाता है.

वहां से आगे निकलने के बाद नटेरन के पास दास खजूरी गांव आता है जिसको पूर्व से ही बाबा खजूरी के नाम से भी जाना जाता है.ग्राम के सरपंच निरंजन सिंह रघुवंशी ने बताया कि यहां बहुत ही प्राचीन मंदिर है.हमारे गांव में बरसों से जगदीश स्वामी की रथ यात्रा भी निकाली जाती है. हमारे गांव का नाम बाबो की प्रसिद्ध स्थल रहा है. जिससे हमारे गांव का नाम बाबा खजूरी एवं दास खजूरी पड़ा जो की बाह नदी के किनारे स्थित है.

फिर 2 किलोमीटर चलने के बाद गांव आता है ताज खजूरी इस गांव के ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में हमारे गांव को काना खजूरी भी बोलते थे. इस गांव में लोग लोग काने थे.इस वजह से लोगों ने इस गांव का नाम कान्हा खजूरी रख दिया था.लेकिन शासकीय कागजों मे हमारे गांव का नाम ताज खजूरी है.

इसके बाद घटवाई के पास गांव आता है सिलवाए खजूरी.यह गांव तीन गांव को मिलकर पंचायत बनी है. जिस्मे अलग-अलग गांव सिलबाय अलग खजूरी अलग एवं नरखेड़ घाट है तीनों गांव आते हैं.नटेरन के समीप 10 किलोमीटर के एरिया में यह चार खजूरी गांव है.जो अपने नाम के अनुरूप ही प्रसिद्ध है और अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है तो नटेरन ब्लॉक में और भी खजूरी गांव आते हैं पर यह चार खजूरी गांव एक ही रोड पर 10 किलोमीटर की रेंज में स्थित है.जिससे बाहरी आदमी कंफ्यूज हो जाते हैं कि हमें किस खजूरी गांव को जाना है.जब तक कि उनके पास कंफर्म पता ना हो शासकीय कागजों में सभी खजूरी गांव अपने बेक से प्रसिद्ध है.

## एक नजर में

### नागपंचमी महोत्सव में हो रही प्रतियोगितायें

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज**, चौरसिया दिवस नाग पंचमी पर 29 जुलाई मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जावेंगे. जिसमें चौरसिया समाज के लोगों, बच्चों, महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं पूरे सप्ताह आयोजित की जा रही हैं एवं नाग पंचमी के पर्व पर श्री रामजानकी रास बिहारी मंदिर छिपेटी बाजार में प्रात: 10 बजे से पूजन एवं महाआरती एवं उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं अन्य कार्यक्रम होंगे. उक्त जानकारी पियूष चौरसिया ने दी.

### स्कूली बच्चों ने मां के नाम लगाये पौधे

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** हरियाली अमावस्या के अवसर पर बृज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया. जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित किया. इस दौरान पीपल, नीम, नींबू, जामफल, जामुन, गुलाब सहित कई तरह के पौधों का रोपण किया गया. विद्यालय के संचालक पं. प्रशांत पालीवाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है. वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रोपित किये गये पौधों की देखभाल का संकल्प लिया. इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई. इस दौरान विद्यालयीन स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.



# बच्चों को वितरित की साइकिलें

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** शासकीय हाई स्कूल दुपारिया में साइकिल वितरण की गई.जिसमें क्षेत्र के जनपद सदस्य उदय रघुवंशी, ग्राम पंचायत दुपारिया के सरपंच देवेंद्र यादव,ग्राम दुपारिया के रामचरण किरार एवं स्टाफ उपस्थित रहे.

# स्कूली बच्चों ने मां के नाम लगाये पौधे



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** हरियाली अमावस्या के अवसर पर बृज मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया. जिसमें स्कूली बच्चों ने अपनी मां के नाम एक पौधा रोपित किया. इस दौरान पीपल, नीम, नींबू, जामफल, जामुन, गुलाब सहित कई तरह के पौधों का रोपण किया गया. विद्यालय के संचालक पं. प्रशांत पालीवाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है. वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रोपित किये गये पौधों की देखभाल का संकल्प लिया. इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई. इस दौरान विद्यालयीन स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

# श्री रामनाम रूपी निकाली ध्वज यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर,** श्री राम उत्सव समिति की ओर से प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी विशाल ध्वज यात्रा निकाली जा रही है जो की मुडराघाट से श्रीधाम खामखेड़ा वाले बालाजी राजस्थान में जाकर संपन्न होगी.यह यात्रा क्षेत्र के सुख संपदा शांति समृद्धि के लिए निकल जा रही है. जिसमे किसान की अच्छी फसलों के लिए प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी सावन के माह में यह यात्रा निकल जाती है जिसमें समस्त ग्राम वासियों का सहयोग होता है.इस यात्रा में बालाजी महाराज के स्वामी श्री राम नाम रूपी धुन के भजन कीर्तन की धुन में ग्रामवासी नाचते-गाते प्रभु धुन में मगन हो जाते है. इस यात्रा में पीतम लोधी ,भंवर सिंह,छतर सिंह, मुकेश, रवि ,पप्पू लोधी, संजू लोधी,नीरज लोधी, नारायण सिंह लोधी, नवल सिंह, आकाश लोधी, जीवन वाल्मिक, श्रीराम लोधी ,रवि लोधी आदि शामिल थे.

# प्रदेश महामंत्री बनने पर नपाध्यक्ष का किया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव को पिछड़ा वर्ग महापंचायत मध्य प्रदेश का प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर श्री विश्वकर्मा वंशी सेना के पधादिकारियों नें निवास पर पहुंचकर बधाई शुभकामनाएं दी. इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव का फूल मालाओं एवं शॉल श्रीपाल भेंट कर सम्मान भी किया गया.बधाई देने वालों में शिव चरण पांचल, राजनारायण विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, पूत जी विश्वकर्मा,धर्मेंद्र विश्वकर्मा, किशन लाल विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा भबूती विश्वकर्मा, बलराम विश्वकर्मा, पूरन विश्वकर्मा,आलोक विश्वकर्मा शामिल हैं.

## कावड़िया जल लेकर जायेंगे देवपुर

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन**, ग्राम सेऊ से रविवार को लगभग 400 काबडिया श्री साकेत हनुमान मंदिर से जल लेकर अभिषेक के लिए बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर के लिए रवाना होंगे.यात्रा सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगी.श्री साकेत हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना के पश्चात देवपुर के लिए रवाना होगी.जानकारी के अनुसार इस काबड यात्रा का रात्रि विश्राम महामाई मंदिर सिरोंज में होगा और सोमवार को प्रात 11 बजे देवपुर बाबा विश्वनाथ पहुंचकर उनका अभिषेक एवं पूजा अर्चना करेंगे.

# भारी बारिश में भी समिति के सदस्यों ने रोपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** पंचतत्व संरक्षण समिति प्रतिवर्ष हरियाली अमावस्या के दिन पौधारोपण कर अपना स्थापना दिवस मनाती है. आज ही के दिन से पंचतत्व ने पौधे लगाने का कार्य शुरू किया था.विगत दो दशक से भी अधिक समय से समिति पर्यावरण संरक्षण एवं संबर्द्धन हेतु जनजागरण करती आ रही है. इस वर्ष समिति ने नगर के शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में पौधारोपण किया.बरसते पानी में भी पौधारोपण हुआ . सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ,रक्त सेवा समिति संरक्षक राजेश तिवारी, जनपद प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी , स्टेट बैंक मैनेजर आशुतोष सोनी , एसजीएस के प्रभारी नरेंद्र ठाकुर एवं पंचतत्व के अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह दांगी की उपस्थिति में जामुन, आम, जाकरंडा ओर पीपल किस्म के पौधों का पौधारोपण किया गया. पौधे समिति ने उपलब्ध कराए, उनकी सुरक्षा के लिए आयरन ट्री गार्ड समिति के सदस्यों ने परिजनों को समर्पित किए. समिती के सदस्य स्व. श्री महेश व्यास जी की स्मृति में व्यास परिवार ने, सदस्य स्व महेश गुप्ता जी की स्मृति में गुप्ता परिवार द्वारा, स्व. श्रीमती लक्ष्मीबाई दांगी कुल्हार की स्मृति में अन्वी दांगी,दांगी परिवार ने, स्व. श्रीमती कुंदनबाई अहिरवार की स्मृति में एल आर अहिरवार द्वारा, स्व. श्रीमती अर्चना जैन जी जन्मदिन के अवसर पर विमल जैन ने , 05 पौधे के संरक्षण के लिए भारतीय स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच ने दिए इस अवसर पर पंचतत्व के प्रमोद सिंह राजपूत ने बताया समिति पिछले 5 पांच वर्षों से इस ग्राउंड में पौधे लगाते आ रही है और आज हम लगभग 50 पौधे से ऊपर रोपण कर चुके है और पेड़ बन गए समिति सभी सहयोगियों का आभार मानती है .सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने नगर में पौधा लगाने पर बचाने के अभियान का श्रेय पंचतत्व संरक्षण समिति को देते हुए कहा कि समिति के एस जी एस कॉलेज में पौधों को बढ़ाने कार्य तो धर्मेंद्र सिंह और उनके मित्रों का कार्य जो भरी गर्मी में भी पानी देकर बड़ा कर रहे हैं. इस अवसर स्टेट बैंक के मैनेजर नरेश दांगी, वीरेंद्र दांगी धर्मेंद्र दांगी ,प्रमोदसिंह राजपूत, प्रवीण भावसार,मनोज राठौर, सन्देश जैन,विजय अग्रवाल, मनोज यादव, द्वारका चौरसिया, रवि गुप्ता, प्रमोद जैन, राकेश खंडेलवाल, राजेन्द्र व्यास,राजेन्द्र सिंह ठाकुर, धीरेन्द्र सिकरवार, राकेश पुरोहित, , आशुतोष सोनी,मुख्य प्रबंधक रविन्द्र ननहोरे ,उप प्रबंधक पवन वर्मा कृषि क्षेत्र अधिकारी सुमित कुमार ,अभिलाषा पितलिया ,अंकित रैकवार गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे.


शव वाहन / फ्रीज़र
ब्लड ग्रुप लिस्ट
मरीज इलाज उपकरण
पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें
बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित


प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से


# विधायक ने समय सीमा में विकास कार्य पूर्ण कराने के दिये निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज**, विधायक उमाकांत शर्मा ने शनिवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज में सिरोंज एवं लटेरी अनुविभाग के विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों की समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की. इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये. इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से उनके विभागों की योजनाओं के बारे में जानकारी ली. उन्होंने विभागों में चल रहे विकास कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये. साथ ही सरकार की जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समय सीमा में करने के निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल स्थल पर हो. जिससे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके. इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज हर्षल चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी लटेरी विनीत तिवारी, विधायक प्रतिनिधि लटेरी संजय भंडारी, सिरोंज नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, लटेरी नपा उपाध्यक्ष शिवचरण प्रजापति, सीईओ लटेरी उदय प्रताप सिंह, सीईओ सिरोंज आशीष अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे.

# भाल बामोरा स्कूल में मनाया कारगिल विजय दिवस

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** शास.स्कूल भाल बामोरा में करगिल विजय दिवस पर बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.जिसमें प्रथम स्थान कुमारी मधु द्वितीय स्थान पर दुर्गेश कुशवाहा तृतीय स्थान शानिया मंसूरी ने प्राप्त किया. शिक्षक अविनेश नामदेव, बालमुकुंद शर्मा, मुकेश कुशवाहा, संदीप प्रजापति, राहुल दांगी, जितेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ सिंह, प्रीति सैन, शबाना अख्तर ने विजय दिवस पर कहे एवं शहीदों की शहादत को याद किया.वहीं पूर्व सैनिक एवं शिक्षक प्रमोद चौहान ने कहा कि हमारे वीर सैनिको द्वारा 25 वर्ष पूर्व किस तरीके से हमारे वीर सैनिकों ने द्रास सेक्टर में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 18 हजार फीट की ऊंचाई पर बैठे दुश्मनों को मार खदेड़ा और कारगिल पर विजय प्राप्त की. इसके लिए हमें अपने वीर बहादुर 527 सैनिकों को शहादत देना पड़ी तथा 1300 सौ सैनिक घायल हुए लेकिन दुनियां ने ये देखा कि भारत के सैनिक हर विपरीत परिस्थितियों में और मौसम में लड़ने की क्षमता रखते हैं.






## हरियाली यात्र | यात्रा में महिलाएं कलश लेकर हुई शामिल

# कर्राखेड़ी में निकाली हरियाली यात्रा



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में शनिवार को बामौरीशाला सेक्टर के ग्राम कर्राखेड़ी में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य निशा रघुवंशी, विशेष अतिथि भाजपा नेता भगत सिंह रघुवंशी, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी, एवं सरपंच प्रतिनिधि भवानी सिंह पटेल मंचासीन रहे. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य निशा रघुवंशी ने हरियाली यात्रा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है. हर महिला अगर एक पौधे को अपने बच्चे की तरह सींचे, तो हमारा गांव, क्षेत्र और अंततः पूरा देश हरियाली की मिसाल बन सकता है. शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उद्देश्य भी ग्रामीणों को सशक्त एवं जागरूक बनाना है. भाजपा नेता भगत सिंह रघुवंशी ने वृक्षारोपण को जीवन से जोड़ते हुए सभी से हरियाली अपनाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा पेड़-पौधे न केवल हमें जीवन देते हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा भी हैं. प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए. ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने जन अभियान परिषद की नवांकुर सखी योजना एवं हरियाली यात्रा की विस्तृत जानकारी दी. साथ ही कार्यक्रम के अंत में सामूहिक पौधारोपण भी किया गया. इस दौरान कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राधारमण कुर्मी द्वारा किया गया. समिति सचिव कपिल कुर्मी, पंचायत सचिव संतोष कुर्मी, रानी पटेल, शिवराज सिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रचना कुर्मी, रेखा चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुषजन उपस्थित रहे.

### महिलाओं को वितरित किए गए पौधे

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के अंत में तीन दर्जन से अधिक महिलाओं को एक-एक पौधा भेंट किया गया. इस अवसर पर सभी महिलाओं को पर्यावरण की सुरक्षा और हरियाली बढ़ाने का संकल्प भी दिलाया गया. इस दौरान गांव में कलश यात्रा और पौधों के साथ हरियाली यात्रा निकाली गई. जिसने पूरे गांव का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया. महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर चल रही थीं और उनके साथ छोटे बच्चे भी पौधों के साथ शामिल थे. इस पहल ने ग्रामीणों में पर्यावरण के महत्व को समझने और हरित जीवनशैली अपनाने की भावना को प्रोत्साहित किया.


